विषय- संस्कृत, बी॰ ए॰ स्नातक (प्रतिष्ठा) डॉ॰ ओम प्रकाश आर्य
द्वितीय वर्ष, तृतीय पत्र महाराजा कॉलेज, आरा
कादम्बरी - शुकनासोपदेश - बाणभट्ट
दिनांक - 05/07/2020

गद्यांश व्याख्या

इन्द्रिय हरिण हारिणी च सततमति दुरन्तेयमुपभोगमृगतृष्णिका नवयौवन कषायितात्मनश्च सलिलानीव तान्येव विषयस्वरूपाण्यास्वाद्यमानानि मधुतराण्यापतन्ति मनसः। नाशयति च दिङ्मोह इवोन्मार्गप्रवर्तकः पुरुषमत्यासङ्गो विषयेषु।

सान्वय व्याख्या - (इन्द्रिय हरिण हारिणी च सततम्) और सदा इन्द्रियरूपी हरिणों को हरने वाली (अतिदुरन्तेयमुपभोगमृगतृष्णिका) यह उपभोगरूपी मृगतृष्णा बहुत बुरे अन्तवाली होती है।

(नवयौवन कषायितात्मश्च मनसः) नवयौवन से
कसैले अन्तःकरण वाले व्यक्ति के मन को,
(आस्वाद्यमानानि तान्येव) भोगे जाते हुए उन्हीं
विषयों का स्वरूप (विषयस्वरूपाणि) विषयों का
स्वरूप (मधुरतराण्यापतन्ति सलिलानीव)
मधुर प्रतीत होता है, जैसे कि कसैली जीभ
वाले व्यक्ति को जल बहुत मीठा लगता है।
(दिङ्मोह इवोन्मार्गप्रवर्तकः) और दिग्भ्रान्ति के
भावार्थ: समान कुमार्ग में प्रवृत्त करने वाली
निरन्तर इन्द्रियरूपी हरिणों को हरनेवाली
यह उपभोग (विषयेषु अत्यासङ्गः) विषय सुखों
में अत्यधिक आसक्ति (पुरुषं नाशयति)
मनुष्य को नष्ट कर देती है।

भावार्थ:- निरन्तर इन्द्रियरूपी हरिणों को हरने वाली यह उपभोगरूपी मृगतृष्णा बहुत बुरे अन्तवाली होती है फिर भी नवयौवन से कसैले अन्तःकरण वाले व्यक्ति के मन को भोगे जाते हुए उन्हीं विषयों का स्वरूप बहुत मधुर प्रतीत होता है, जैसे कसैली जीभ वाले व्यक्ति को जल बहुत मीठा लगता है। और दिग्भ्रान्ति के समान कुमार्ग में प्रवृत्त करने वाली विषय सुखों में अत्यधिक आसक्ति मनुष्य को नष्ट कर देती है।

टिप्पणी :- इन्द्रियहरिणहारिणी — हरति इति हारिणी (हृ + णिनि + ङीप्) इन्द्रियाण्येव हरिणाः इन्द्रिय हरिणाः (क० धा०) तेषां हारिणी (ष० तत्पु०)।
दुरन्ता — दुष्टः अन्तः यस्याः सा (बहु०)। उपभोगमृगतृष्णिका — उपभोगः (उप + भुज् + घञ्) एव मृगतृष्णिका (क० धा०) नवयौवनकषायितात्मनः — नवं च तद् यौवनं नवयौवनं (क० धा०) नवयौवनेन कषायितः (कषाय + इतच्) आत्मा यस्य सः (बहु०) तस्य।
आस्वाद्यमानानि — आ + स्वद् + यक् कर्मणि शानच् प्र० ब०
मधुरतराणि — अतिशयेन मधुराणि (मधुर + तरप्) प्र० ब०। आपतन्ति — आ + पत् + लट् प्र० पु० बहुवचन।
नाशयति — नश् + लट् प्र० पु० ए०। दिङ्मोहः — दिशां मोहः मुह् + घञ् (ष० तत्पु०) उन्मार्गप्रवर्तकः — प्रवर्तयति इति प्रवर्तकः (प्र + वृत् + णिच् + क) उद्गतः मार्गः उन्मार्गः (प्रादि) उन्मार्गे प्रवर्तकः (स० तत्पु०)।
अत्यासङ्गः — अति + आ + सञ्ज् + घञ् = अनुराग, अभिनिवेश। इति।